आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-199- ● कटनी ● शनिवार, 21 अगस्त, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण कृष्ण पक्ष -13 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



## भारतीयों का अपहरण? तालिबान ने किया इंकार

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालने की अभियान जारी है। इस बीच, चिंता वाली खबर यह है कि तालिबान के आतंकी काबुल एयरपोर्ट के बाहर इंतजार कर रहे 150 भारतीयों को जबरन अपने साथ ले गए हैं। इनके साथ 70 अफगानी सिखों को भी ले गए थे, जो गुरुद्वारा पहुंच चुके हैं, लेकिन 150 भारतीयों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। हालांकि तालिबान की ओर से दावा किया गया है कि उसने इन भारतीयों का अपहरण नहीं किया है बल्कि काबुल एयरपोर्ट में ही सुरक्षित स्थान पर ले गए हैं। वहीं स्थानीय मीडिया को लोग इसे किडनैपिंग करार दिया है। कहा जा रहा है कि इन भारतीयों के साथ हाथापाई भी की गई है। कुछ को चोटें भी आई हैं। हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। भारत सरकार की ओर से अभी कोई बयान नहीं आया है। यह साफ नहीं है कि इन लोगों को बंधक बनाया गया है या उन्हें काबुल से निकालने की कवायद है। अधिकांश लोगों के मोबाइल बंद हैं। वैसे सुबह यह खबर जरूर थी कि काबुल एयरपोर्ट के बाहर करीब 220 भारतीय फंसे हैं। ये सभी एक बस में सवार थे और भारी भीड़ होने के कारण इनको एयरपोर्ट में एंट्री नहीं मिली थी। भारतीय वायुसेना के एक सी-130जे परिवहन विमान ने शनिवार को 85 भारतीयों के साथ काबुल से उड़ान भरी। यह विमान ताजिकिस्तान में रिफ्यूलिंग के लिए रुका, जिसके बाद यह अगले कुछ घंटों में भारत पहुंचेगा। इस बीच भारतीय विदेश मंत्रालय के अफसर काबुल से देश के नागरिकों को निकालने की कोशिश में जुटे हैं। इस बीच वायुसेना का एक सी-17 परिवहन एयरक्राफ्ट काबुल के लिए उड़ान भरने के लिए तैयार है। सूत्रों के मुताबिक, इसके जरिए तालिबान के कब्जे के बाद जंग के हालात में उलझे अफगानिस्तान में फंसे भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो जैसे ही पर्याप्त भारतीय नागरिक अफगान राजधानी के हवाई अड्डे पहुंचेंगे, वायुसेना का विमान काबुल रवाना हो जाएगा। सूत्रों ने कहा कि भारत अमेरिकी सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है, ताकि भारतीय वायुसेना केपरिवहन एयरक्राफ्ट को काबुल तक पहुंचाया जा सके। सरकार को उम्मीद है कि इस सी-17 में 250 भारतीयों को निकाला जा सकता है। हालांकि, यह इस बात पर निर्भर करता है कि उनमें से कितने हवाईअड्डे तक पहुंचने में सक्षम हैं, क्योंकि काबुल पर तालिबान का कब्जा है और हर चौकियों और चेकपॉइंट्स पर भी उसके लड़ाके नजर बनाए हुए हैं।

### 400 से ज्यादा भारतीय फंसे

रिपोर्ट्स के मुताबिक, काबुल के लिए एयर इंडिया की फ्लाइट की उड़ान मुश्किल साबित हो रही है, इसलिए आईएएफ को स्टैंडबाय पर रखा गया है। माना जा रहा है कि फिलहाल अफगानिस्तान में 400 से ज्यादा भारतीय फंसे हुए हैं, जिन्हें वहां से बाहर निकालने की जरूरत है। हालांकि, सटीक आंकड़ा फिलहाल साफ नहीं हो पाया है। सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्रालय अफगान नागरिकों के वीजा आवेदनों का भी आकलन कर रहा है।



### क्विक अपडेट



## देश में कोरोना के 24 घंटे में 34 हजार नए मामले

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में उतार चढ़ाव जारी है। किसी दिन मामले कम हो रहे हैं तो कभी मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। बीते 24 घंटे में 34 हजार नए मामले सामने आए हैं । जबकि 375 लोगों की मौत हुई है। मौत के आंकड़ों में 11 दिन बाद यह कमी आई है। एक दिन पहले तक 400 से ज्यादा लोगों की जान जा रही थी, लेकिन राहत की बात है कि कोरोना से मरने वालों की संख्या धीरे-धीरे कम हो रही है। अब तक 4.33 लाख से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं। वहीं 36 हजार से ज्यादा मरीजों को अस्पतालों से छुट्टी मिल गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, कोरोना से स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

## इम्पोर्ट ड्यूटी घटी, अब तेल की कीमतों में होगी भारी कटौती

**भोपाल।** 70 रुपये प्रति लीटर की दर से बिकने वाला तेल अब 150 से 200 रुपये के बीच बिक रहा है। इस बीच सरकार ने खाने का तेल सस्ता करने के लिए इंपोर्ट ड्यूटी कम की है। पहले सोयाबीन के तेल पर 15 फीसदी इंपोर्ट ड्यूटी लगती थी, जिसे घटाकर 8.25 फीसदी कर दिया गया है। इससे पहले भी सरकार ने क्रूड पाम ऑयल पर इंपोर्ट ड्यूटी कम की थी। कुल मिलाकर सरकार अब तक टैक्स में 8.25 फीसदी कटौती कर चुकी है। एग्री सेस और सोशल वेलफेयर सेस को मिलाकर अब सोया तेल में कुल ड्यूटी 38.50 परसेंट से घटकर 30.25 परसेंट पर आ चुकी है।

### रक्षाबंधन की शुभकामनाएं

भाई बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन के पर्व पर सुधि पाठकों, शुभचिंतकों ,विज्ञापन दाताओं , अभिकर्ताओं को यश भारत परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

– संपादक

### अवकाश सूचना

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर 22अगस्त को यश भारत कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 23 अगस्त को प्रकाशित होगा।

– प्रबंधक



## रेल ट्रैक पर बैठे गन्ना किसान

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में गन्ना किसानों ने हाईवे और रेलवे ट्रैक ब्लॉक कर दिया है। किसान राज्य सरकार से उनकी बकाया राशि का भुगतान करने की मांग कर रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन दोआबा के एमएस राय ने कहा कि अगर सरकार ने शनिवार शाम तक हमारे साथ बातचीत नहीं की, तो हम पंजाब बंद का आह्वान करेंगे। राखी के कारण हम कल से बंद करने से बचने की कोशिश करेंगे। किसानों ने पहले धन्नोवाली के नजदीक राष्ट्रीय राजमार्ग बंद किया, उसके बाद रेलवे ट्रैक पर धरना शुरू कर दिया। बड़ी संख्या में किसान और उनके समर्थक रेलवे ट्रैक पर जा बैठे। इसलिए ट्रेनों को पिछले स्टेशनों पर ही रोक दिया गया। किसानों ने सड़क मार्ग से जाने वाले वाहनों और रेलमार्ग को पूरी तरह से ठप कर दिया। इस वजह से बस स्टैंड के भीतर ही बसों का जमावड़ा लग गया है। यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। देर शाम तक लुधियाना और चंडीगढ़ के लिए बसों का संचालन सुचारू नहीं हो पाया। किसानों के प्रदर्शन के कारण सरकारी व निजी दफ्तरों में सन्नाटा पसरा रहा, क्योंकि किसानों के धरने के कारण बस यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। ट्रैफिक का असर कार्यालयों की हाजिरी पर भी देखने को मिला।

## आज धरती के पास से निकलेगा बड़ा क्षुद्रग्रह, नासा चिंतित



**नई दिल्ली।** न्यूयॉर्क की एम्पायर स्टेट बिल्डिंग से कई गुना बड़े आकार वाला एक क्षुद्रग्रह या उल्का पिंड धरती के काफी नजदीक से गुजरेगा। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने यह जानकारी दी है। नासा के मुताबिक, आज यह धरती के सबसे करीब से होकर गुजरेगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार (21 अगस्त) को भारतीय समयानुसार झुद्रग्रह या उल्का पिंड रात 8. 40 बजे पृथ्वी के सबसे करीब पहुंच जाएगा। 8 इंच के टेलीस्कोप से इस पिंड को खगोलविद आसानी से देख सकते हैं। धरती के नजदीक वाले इस पिंड को नासा ने 2016 AJ193 के तौर पर सूचीबद्ध किया है, जो पृथ्वी की वस्तुओं के 99 प्रतिशत से बड़ा है। यह 8.2 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धरती की तरफ आ रहा है। नासा ने बताया कि 1.4 किलोमीटर चौड़ा यह क्षुद्रग्रह अगली बार 22 फरवरी 2063 को पृथ्वी के पास से गुजरेगा। यह हमारे ग्रह से लगभग 30 से 40 लाख किलोमीटर दूर होगा। इस एस्ट्रॉइड की चौड़ाई 97 मीटर और लंबाई 230 मीटर है, नासा के अनुसार Near-Earth Object (NEO) या पृथ्वी के नजदीक वाले पिंड को क्षुद्रग्रह या धूमकेतू के रूप में परिभाषित किया जाता है। खगोल वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह धरती से लगभग 29 लाख किलोमीटर दूर से ही गुजरेगा। खगोलीय वैज्ञानिकों की मानें तो यह पृथ्वी से तब टकराएगा जब इसकी दूरी पृथ्वी और सूर्य की दूरी से 1.3 गुना कम हो, इसलिए इस एस्टेरॉयड से किसी को डरने की जरूरत नहीं है। यह पृथ्वी से बिल्कुल भी नहीं टकराएगा

## सुप्रीम कोर्ट के सामने आग लगाने वाले युवक ने तोड़ा दम, जिंदगी-मौत से जूझ रही झुलसी युवती



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के सामने आग लगाने वाले युवक की आर एमएल अस्पताल में मौत हो गई है। जबकि युवती वेंटिलेटर पर है, उसकी हालत काफी नाजुक है। गौरतलब है कि यूपी के घोसी से बसपा सांसद अतुल राय के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराने वाली युवती ने अपने साथी युवक के साथ सोमवार दोपहर सुप्रीम कोर्ट के बाहर आत्मदाह की कोशिश की थी। सुरक्षाकर्मियों और अन्य लोगों ने किसी तरह आग बुझाकर दोनों को आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। सांसद के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई नहीं होने से दोनों आहत थे। पुलिस के अनुसार, 24 वर्षीय पीड़िता यूपी के बलिया और युवक गाजीपुर का रहने वाला था। दोनों सोमवार दोपहर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे और गेट नंबर-डी से अंदर घुसने की कोशिश की थी। उचित आईडी नहीं होने के कारण सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक लिया था। करीब 12.20 बजे दोनों ने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली थी। इससे वहां अफरा तफरी मच गई थी। पुलिस के अनुसार, युवती 85 फीसदी और युवक 65 फीसदी जला था।

### मुंबई की 5 स्टार होटन में सेक्स रैकेट का पर्दाफास

## दो घंटे के लिए चार्ज करती थी दो लाख



**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने शुक्रवार को एक 5 स्टार होटल में छापा मारकर सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया। यहां से एक टीवी एक्ट्रेस और एक मॉडल को छुड़ाया गया। साथ ही एक टीवी एक्ट्रेस को अरेस्ट किया गया है। मुंबई क्राइम ब्रांच को जुहू के एक पांच सितारा होटल में हाई-प्रोफाइल वेश्यावृत्ति रैकेट चलने की टिप मिली थी, जिसके बाद पुलिस ने रेड की और सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया। क्राइम ब्रांच के अधिकारियों के मुताबिक इस टीवी एक्ट्रेस ने अपने रैकेट में टीवी एक्टर्स और मॉडल्स को शामिल किया हुआ था। वहीं इस दौरान दो अन्य अभिनेत्रियों को छुड़ाया भी गया। ये अभिनेत्री दो घंटे के लिए दो लाख रुपये चार्ज करती थी। जांच टीम ने इस पूरे मामले में ईशा खान नाम की एक महिला को गिरफ्तार किया है, जो यह सेक्स रैकेट चलाया करती थी।

### कस्टमर बन किया गया पर्दाफाश

जानकारी के मुताबिक रेड के दौरान जिन मॉडल और अभिनेत्री को बचाया गया है वो एक प्रॉमिनेंट एंटरटेनमेंट चैनल के साथ काम कर चुकी है। क्राइम ब्रांच की टीम ने ग्राहक बनकर इस धंधे का पर्दाफाश किया है। क्राइम ब्रांच की टीम ने इन लोगों से कहा कि मेरे और मेरे दोस्त को टॉप मॉडल्स चाहिए तो ईशा खान ने कई लड़कियों की तस्वीरें भेजीं। क्राइम ब्रांच की टीम ने उनमें से दो लड़कियों के फोटो सेलेक्ट किए। इनमें से एक टॉप मॉडल है जिसने कई विज्ञापनों में काम किया है और दूसरी ने कई टीवी धारावाहिकों में काम किया है।

## मारा गया जैश-ए-मोहम्मद का वकील शाह, त्राल में की थी भाजपा नेता की हत्या



**श्रीनगर।** दो जून को दक्षिण कश्मीर के त्राल में देर रात आतंकियों ने भाजपा नेता राकेश पंडिता की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हमले में तीन आतंकी शामिल थे। जिसमें से जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी वकील शाह को शनिवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में मार गिराया है। इस मुठभेड़ में तीन आतंकी मारे गए हैं। जिनके पास से दो एके-47 राइफल, एक एसएलआर और अन्य सामान बरामद किया गया है। आतंकी वकील शाह के मारे जाने की पुष्टि कश्मीर जोन के आईजी विजय कुमार ने की है। उन्होंने यह भी बताया है कि वकील शाह राकेश पंडिता की हत्या में शामिल था। त्राल में देर रात आतंकियों ने भाजपा नेता रकेश पंडिता कि गोली मारकर हत्या कर दी थी। अगले दिन शव जम्मू स्थित रूप नगर में उनके घर लाया गया। अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे लोगों ने कहा कि इस कायराना हमले को अंजाम देने वालों का जल्द से जल्द खात्मा किया जाए और कश्मीरी पंडितों को सुरक्षा मुहैया कराई जाए।राकेश पंडिता मूल रूप से त्राल के रहने वाले थे, लेकिन वर्तमान में उनका परिवार जम्मू में है। कश्मीरी पंडित समुदाय से कई लोग विभिन्न सियासी दलों से जुड़कर घाटी में सक्रिय हैं। इससे पूर्व भी कई कश्मीरी पंडित नेताओं की हत्या हो चुकी है।उधर, पुलिस ने दावा किया था कि राकेश पंडिता को निजी सुरक्षा के लिए दो पीएसओ दिए गए थे, लेकिन वे बिना सुरक्षा के ही त्राल चले गए। पुलिस के अनुसार राकेश पंडिता पुत्र सोमनाथ पंडिता हमले वाले दिन त्राल बाला इलाके में अपने मित्र मुस्ताक भट के घर आए थे। इसी दौरान तीन अज्ञात आतंकियों ने राकेश पंडिता पर करीब से फायरिंग कर दी।

## पोती को बचाने के लिए तेंदुए से भिड़ गए दादा-दादी



**भोपाल।** एक दादा-दादी अपनी दो साल की पोती को बचाने के लिए तेंदुए से भिड़ गए। उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए मासूम को जंगली जानवर के जबड़े से निकाल लिया। यह पूरा घटनाक्रम गुरुवार (19 अगस्त) की रात कूनो नेशनल पार्क के पास एक गांव में हुआ। यहां एक घर के आंगन में बुजुर्ग दंपती अपनी पोती के साथ सो रहे थे। उस दौरान तेंदुआ घर में घुस आया और उनकी दो साल की पोती को उठा लिया। बच्ची ने रोना शुरू किया तो 50 वर्षीय दादी बसंती बाई गुर्जर की नींद खुल गई। तेंदुए के जबड़े में अपनी बच्ची को देखकर उनकी सांसें अटक गईं और मुंह से चीख निकल गई। तेज आवाज सुनकर बच्ची के दादा 55 वर्षीय जय सिंह गुर्जर भी जाग गए। उन्होंने भी पूरी ताकत से तेंदुए पर हमला कर दिया।

## गौतम अडाणी को सेबी का झटका

**नई दिल्ली।** कंपनियां और खुदरा निवेशक प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बाजार को लेकर रुचि दिखा रहे हैं। कंपनियां आईपीओ लाने के लिए कतार में खड़ी हैं। इस बीच बाजार नियामक सेबी ने अरबपति गौतम अडाणी को झटका दिया है। सेबी ने गौतम अडाणी के नेतृत्व वाले अडाणी समूह की कंपनी, अडाणी विल्मर के आईपीओ पर रोक लगा दी है। लोकप्रिय फॉच्यून ब्रांड से खाद्य तेल और फूड आइटम बनाने वाली कंपनी अडाणी विल्मर 4,500 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने वाली थी, लेकिन अडाणी एंटरप्राइजेज के खिलाफ चल रही जांच के चलते इस पर रोक लग गई है। मामले से वाकिफ एक शख्स ने नाम जाहिर न करने की शर्त पर बताया कि सेबी ने अडाणी एंटरप्राइजेज के खिलाफ चल रही जांच के चलते अडाणी विल्मर का आईपीओ रोक दिया है. सेबी की पॉलिसी के अनुसार, यदि किसी आईपीओ के लिए आवेदन करने वाली कंपनी के किसी डिपार्टमेंट में जांच चल रही हो तो उसके प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम को 90 दिनों तक मंजूरी नहीं दी जा सकती है।

## शूटिंग के लिए आज ग्वालियर आयेंगी ऐश्वर्या

**ग्वालियर ।** ग्वालियर फोर्ट पर तमिल फिल्म पोर्न्नियिन सेल्वन की शूटिंग आज से शुरू हो रही है। फिल्म के लेखक और निर्देशक मणिरत्नम हैं। इस फिल्म में मुख्य किरदार दक्षिण भारत के अभिनेता चियन विक्रम हैं, जबकि अभिनेत्री की भूमिका में ऐश्वर्या राय बच्चन हैं। दोनों ही कलाकार शूटिंग के लिए आज शाम को शहर पहुंचेंगे। फिल्म की कहानी ऐतिहासिक एक्शन ड्रामा है। शूटिंग के लिए ग्वालियर फोर्ट का चुनाव किया गया है।

## कांग्रेस डूबती नाव है- शिवराज

### विपक्षी दलों की बैठक पर मुख्यमंत्री का तंज



**भोपाल।** सीएम शिवराज सिंह चौहान ने सोनिया गांधी के नेतृत्व में विपक्षी दलों की बैठक पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का न अस्तित्व है और न विचारधारा है। कांग्रेस तो ऐसी नाव हो गई तो जो खुद तो डूबेगी, जो उसमे बैठेगा वो भी डूबेगा। हम डूबे है सनम, तुम्हें भी ले डूबेंगे। सीएम शिवराज ने कहा कि आजकल मैडम को विपक्षीय एकता याद आ रही है, जब कांग्रेस के पास कुछ नहीं है। कांग्रेस अपना अध्यक्ष तो बना नहीं पा रही है, कांग्रेस के पास क्या है। परिवार के मोह में अंधी कांग्रेस दिशा भ्रष्ट हो गई है।




## रक्षाबंधन कल

## रक्षाबंधन पर 50 साल बाद बन रहा है यह योग

**वेब डेस्क।** हिंदी पंचांग के अनुसार, कल 22 अगस्त को सावन मास की पूर्णिमा तिथि है. सावन पूर्णिमा की तिथि हिंदू धर्म में बहुत ही महत्वपूर्ण होती है. इस तिथि को भाई–बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन का त्योहार पूरे देश में मनाया जाता है। बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं. पूरे 50 साल बाद इस बार के रक्षा बंधन पर यह चार विशिष्ट योग बन रहें हैं। ऐसे में इस रक्षा बंधन का माहात्म्य अतुलनीय है। इस लिए बहनें भाई को राखी बांधने से पहले ये काम जरूर कर लें।

### राखी बंधने से पहले करें ये काम

इस साल रक्षाबंधन के दिन भद्रा का साया नहीं रहेगा. बहनें सूर्योदय के बाद कभी भी अपने भाइयों को राखी बांध सकती हैं, लेकिन इससे पहले बहनों को चहिये कि वे राखी को भगवान को अर्पित करें। हिंदू धर्म शास्त्र के मुताबिक, सबसे पहले देवताओं को राखी बांधकर उनको भोग लगाना चाहिए. तत्पश्चात भाइयों को राखी बांधें. धार्मिक मान्यता है कि ऐसा करने से भगवान प्रसन्न होते हैं और बहनों को मनवांछित वरदान देते हैं. भाइयों का घर धन–दौलत से भर देते हैं। सबसे पहले राखी भगवान श्री गणेश जी को बांधना चाहिए. उसके बाद एनी देवताओं को जैसे भगवान विष्णु, भगवान शिव,भगवान श्री कृष्ण, भगवान श्री राम, भगवान हनुमान और अपने ईष्ट देव को राखी अर्पित करें के बाद ही भाइयों को राखी बांधें।



### रक्षाबंधन 2021 पर बन महा संयोग

साल 2021 का रक्षाबंधन चार विशिष्ट योगों से परिपूर्ण है. यह महा योग पूरे 50 साल बाद बन रहा है. 50 साल बाद रक्षा बंधन के पर्व पर सर्वार्थसिद्धि, कल्याणक, महामंगल और प्रीति योग एक साथ बन रहें हैं। इसके पहले यह संयोग 1981 में एक साथ बने थे। इन चारों महा योगों से इस साल के रक्षाबंधन का महात्म्य बहुत अधिक बढ़ गया है. इस अद्भुत योग के मध्य भाई और बहन के लिए रक्षा बंधन की रस्म अति विशेष कल्याणकारी होगी।

राखी बांधने का सबसे उत्तम मुहूर्त – 22 अगस्त 2021 को दोपहर 01 बजकर 42 मिनट दोपहर से शाम 04 बजकर 18 मिनट तक, राखी बांधना सबसे शुभ रहेगा।

# रोक के बावजूद 150 रुपए लेट फीस वसूल रहा सेंटपॉल स्कूल

### अभिभावक जन कल्याण संघ ने की राज्य सरकार से शिकायत, फीस वापस नहीं हुई तो हाईकोर्ट में दायर होगी याचिका



**कटनी।** सिविल लाइन स्थित सेंटपॉल स्कूल द्वारा माननीय हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अव्हेलना करते हुए ट्यूशन फीस के अलावा लेट फीस 150 रूपए वसूल किए जाने की शिकायत अभिभावक जन कल्याण संघ द्वारा मध्यप्रदेश शासन शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरुण शमी से की गई है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत पटेल, प्रदेश सचिव दशरथ चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष रुपेश पहारिया तथा स्टुडेंट विंग के प्रदेशाध्यक्ष गौरव संजीव सूरी भारतीय ने शिकायत में कहा है कि सेंटपॉल स्कूल द्वारा राज्य सरकार, माननीय उच्च न्यायालय एवं माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों के विपरीत छात्रों के अभिभावकों से लेट फीस वसूल की जा रही है। जो कि अभिभावकों का आर्थिक शोषण है तथा विपरीत परिस्थितियों में जहां जो अपनी जीविका उपार्जन के लिए संघर्षरत हैं, वहां इस तरह यह निजी स्कूल किसी भी तरह के आदेश को मानने के लिए तैयार नहीं है। मनमर्जी से धड़ल्ले से लेट फीस चार्ज कर रहे हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि स्कूल की इस कारगुजारी को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संरक्षण दिया जा रहा है। जिसके कारण स्कूल के हौंसले बुलंद है। इसके पहले भी कई शिकायतों के बाद आज तक कोई भी कार्यवाही डीईओ द्वारा नहीं की गई है। अभिभावक जन कल्याण संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी को बर्खास्त करने की मांग की है। इसके अलाव लेट फीस के नाम पर जो अवैध वसूली स्कूल द्वारा की जा रही है, उस पर तत्काल रोक लगाते हुए जिन भी अभिभावकों से अतिरिक्त फीस चार्ज की गई है, उसे तत्काल वापस या समायोजित किया जाए। स्कूल के ऊपर 7 दिन के अंदर कार्यवाही नहीं होने पर संगठन माननीय उच्च न्यायालय की शरण में जाने के लिए बाध्य होगा। शिकायत की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, लोक शिक्षण संचनालय भोपाल, स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री, राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल, रजिस्ट्रार कार्यालय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय मुख्य खंडपीठ जबलपुर, मध्यप्रदेश राज्य बाल संरक्षण आयोग, संयुक्त शिक्षण संचालक संभाग जबलपुर, जिला शिक्षा अधिकारी, सेंटपॉल हायर सेकेंडरी स्कूल सिविल लाइन, क्षेत्रीय कार्यालय सीबीएससी, विष्णु दत्त शर्मा सांसद खजुराहो लोकसभा क्षेत्र एवं संदीप जयसवाल विधायक मुड़वारा को भी भेजी गई है।



## कोविड प्रोटोकॉल का पालन न करने पर 63 लोगों पर चालानी कार्यवाही

**कटनी।** वर्तमान में चल रहे त्योहारों पर बाजार के सार्वजनिक स्थलों एवं समूह वाले स्थलों में कोरोना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण एवं संभावित तीसरी तहर के प्रकोप से बचाव हेतु जिला प्रशासन के निर्देशों के परिपालन में कोविड -19 प्रोटोकाल का पालन न करनें वालों पर जुर्मानें की कार्यवाही की जा रही है। अतिक्रमण निरीक्षक प्रशांत परौहा ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन के अतिक्रमण अमले द्वारा आज नगर के बाजार क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 63 व्यक्तियों द्वारा मास्क का उपयोग न करनें तथा कोविड प्रोटोकाल का पालन न करते हुए सार्वजनिक स्थलों में धूमते पाये जाने पर 6300/- रूपये की जुर्मानें की कार्यवाही की गई। निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने वर्तमान में चल रहे पर्वो को दृष्टिगत रखते हुए बाजार क्षेत्रों में होनें वाली भीड के कारण संक्रमण से प्रसार पर बचाव हेतु नागरिकों से घर से निकलनें के पूर्व मास्क का उपयोग करके ही बाजार क्षेत्र में जानें तथा दूसरों से दो गज की दूरी बनाये रखनें की अपील की है।

## सागर पुलिया में हर दिन लग रहा जाम



मिशन चौक ओव्हर ब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने का खामियाजा पूरे शहर को भोगना पड़ रहा है। सागर पुलिया में हर दिन जाम लगने की वजह से हजारों लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कल शुक्रवार की दोपहर सागर पुलिया के नीचे जाम लगने की वजह से करीब एक घंटे तक लोग परेशान रहे।

## आधुनिक भारत के निर्माण का श्रेय राजीव गांधी को





### शहर कांग्रेस कमेटी ने मनाई जयंती

**कटनी।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती आज जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा मनाई गई जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश जैन ने संबोधित करते हुए आधुनिक भारत के निर्माण का श्रेय राजीव गांधी को दिया, पूर्व जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने संचार क्रांति का कंप्यूटर क्रांति का जनक राजीव गांधी को बताया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश जैन कक्का ने कहा कि 18 वर्ष के नौजवानों को राजीव गांधी ने मतदान का अधिकार दिया अन्य वक्तागण गोविंद सचदेवा, ब्लॉक अध्यक्ष रमेश सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष इश्तियाक अहमद, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के अध्यक्ष गिरीश गर्ग, सेवा दल के अध्यक्ष पंकज गौतम, जालिम यादव, रौनक खंडेलवाल, श्याम पाहुजा, हेमा शर्मा, सुमन रजक, संतोष यादव, आदित्य नमन जैन, अमित गर्ग, दीपक केसरवानी, संदीप यादव, आफ्ताब अहमद चोखे भाई, पार्थ समाधिया, विनोद डोंगरे, अभिषेक वर्मन, विकल पुरस्वानी, रजत यादव, सुनील सेन, विनोद श्रीवास, विवेक वर्मा, आकाश पवार ने भी अपने विचार व्यक्त कर राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पर्यावरण जन जागरण वसुधा गैर ट्रैकिंग अभियान 29 को

**कटनी।** शहर में पर्यावरण प्रेमी एवं साहसिक गतिविधियों को चाहने वालो के लिए अंतर्राष्ट्रीय संस्था यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफइंडिया की कटनी इकाई वसुधा गैर के लिए ट्रैकिंग-ट्रेनिग अभियान दिनांक 29 अगस्त दिन रविवार को आयोजित कर रही है। इकाई अध्यक्ष पंचम जैन, चेयरमैन गोपाल शर्मा, सचिव वीरेंद्र सिंह के निर्देशन में आयोजित सबसे लोकप्रिय इस वर्ष स्पेशल ट्रैक के समन्वयक श्रीराम कुदरहा, सह संयोजक राजेन्द्र बहरे, रानू जैन, सुशील कुशवाहा के कुशल मार्गदर्शन में दल सुबह 7:00 बजे स्पेशल बसों द्वारा रिलायंस पेट्रोल पंप शांति नगर चौराहा से अपने गंतव्य को रवाना होगा। पूरा अभियान पर्यावरण जन जागरण के लिए आर. सी. विश्वकर्मा जिला वन मंडल अधिकारी के सहयोग एवम मार्गदर्शन से होगा। प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन 20 अगस्त से शुरू होगा जो भी सदस्य जाना चाहते हैं वह अपना रजिस्ट्रेशन फार्म संस्था के प्रमुख पदाधिकारियो से बैडमिंटन हॉल फॉरेस्टर खेल मैदान में 5:30 से 7:00 तक प्राप्त कर जमा कर देवें। 27 अगस्त के पश्चात फार्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सीमित प्रतिभागियों के लिए आयोजित ट्रेक के फार्म पहले आओ पहले पाओ आधार पर दिए जाएंगे। निर्धारित शुल्क देकर फॉर्म प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए एक फोटो एवं आई.डी. की छायाप्रति साथ लाना होगा। फार्म का हस्तांतरण नहीं किया जा सकेगा। शारीरिक रूप से अक्षम, अस्वस्थ, 65 साल से ऊपर के प्रतिभागी इस अभियान में भाग लेने के लिए आवेदन नही कर सकेंगे। सभी को मास्क लगाना अनिवार्य है एवम शासन की गाइड लाइन का पालन करना होगा। वैक्सीनशन करा चुके लोगो को प्राथमिकता दी जावेगी। सभी प्रतिभागियो को पानी बॉटल, पैक लंच, छाता या बरसाती, सैनेटाइजर एवं आवश्यक दवाइयां अपने साथ रखना होगा। संस्था सुबह का नाश्ता एवं शाम को स्नैक्स उपलब्ध कराएगी। अभियान समाप्त होने पर सभी को प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे। अभियान के फॉर्म प्राप्त एवं जमा करने के लिए अभियान प्रभारी श्रीराम कुदरहा शेर चौक 9425153427, राजेन्द्र बहरे जवाहर चौक 9926781764, रानू जैन धनेंद्र स्टेशनरी मेन रोड 9827433752 एवं सुशील कुशवाहा 7999338716 या इकाई के पदाधिकारीयों से संपर्क कर सकते है। ज्ञातव्य है वैश्विक महामारी के कारण पिछले वर्ष इसे आयोजित नही किया जा सका था। इकाई के अमित सिंघई, शैलेन्द्र जैन, नवीन मित्तल, अंकित जैन, डॉ आर. पी. पांडेय, प्रकाश जैसवाल ने अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया है।



## पीड़ित मानवता की सेवा ही सच्ची समाजसेवा

### पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर एनएसयूआई ने किया रक्तदान



**कटनी।** भारत में संचार क्रांति के जनक माने जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन के निर्देश पूरे भारतवर्ष में एनएसयूआई द्वारा रक्तदान शिविर का योजन किया गया। जिसमें कटनी जिला अस्पताल में भी एनएसयूआइ जिलाध्यक्ष दिव्यांशू अंशू मिश्रा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में बड़वारा विधायक बसंत सिंह उपस्थित रहे। जानकारी देते हुए अंशू मिश्रा ने बताया हमारे देश में कई जगह हैं, जहां मरीज रक्त के अभाव में जान गंवा देते हैं। इस विषम परिस्थितियों के चलते ज्यादातर ब्लड बैंक आवश्यक आपूर्ति नहीं कर पा रहें हैं। ऐसे में एनएसयूआइ के साथी पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के जन्मदिन पर पूरे देश में रक्तदान शिविरों का आयोजन कर इस कमी को पूरा करने का एक छोटा प्रयास कर रहे है। जिसका उद्देश्य मानवसेवा है। स्व. राजीव गांधी की सोच सदैव ही पीड़ित मानव की सेवा करना थी, जिसको आदर्श मानते हुए आज पूरे देश में आयोजन सम्पन्न हुआ है। रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन, रौनक खंडेलवाल, मुड़वारा अध्यक्ष शुभम मिश्रा, बड़वारा अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल, तिलक कालेज अध्यक्ष अजय खटीक, प्रवक्ता विकास दुबे, आशीष चतुर्वेदी सहित अन्य रक्तदाता उपस्थित रहे।

## मोहर्रम जुलूस के दौरान दिखा पुलिस का मानवीय चेहरा

### वाहन की ठोकर से सड़क पर घायल पड़ी गाय की मरहम पट्टी की पुलिस ने, आज सुबह गौमाता उपचार केन्द्र भी पहुंचाया

**कटनी।** रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र बरगवां में कल 20 अगस्त मोहर्रम पर्व पर ताजिया विसर्जन के दौरान पुलिस का मानवीय रूप देखने को मिला। किसी वाहन की ठोकर लगने पर सड़क पर घायल पड़ी गाय की न केवल पुलिस ने मौके पर मरहम पट्टी की बल्कि आज सुबह उसे उपचार के लिए गौमाता उपचार केन्द्र में भी दाखिल कराया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रंगनाथ थाना प्रभारी नितिन कमल बीतीरात मोहर्रम पर्व पर पुराना कर्बला से ड्यूटी के बाद इंडस्ट्रीज एरिया में रात्रि भ्रमण करते हुए हमराह स्टाफ आरक्षक नवीन शुक्ला, नवल किशोर, शुभम सिंह अभिषेक राय, एनआरएस संदीप खबरिया के साथ थाने की ओर जा रहे थे। उसीदौरान पुलिस की नजर एक गाय पर पड़ी जो किसी वाहन की ठोकर लगने की वजह से सड़क पर खून से लथपथ पड़ी थी। गाय के पैरों से बहुत अधिक मात्रा में खून निकल रहा था और गाय रोड पर ही तड़प रही थी। गाय को इस हालत में देख थाना प्रभारी नितिन कमल ने हमराह स्टाफ के साथ पहले गाय को सड़क से किनारे कराया और फिर अपने शासकीय वाहन से प्राथमिक उपचार सामग्री निकाल कर मौके पर ही गाय की मरहम पट्टी की। चूंकि रात बहुत हो चुकि थी, इसलिए गाय को उस समय गौमाता उपचार केन्द्र नहीं ले जाया जा सका। वहीं आज सुबह पुलिस ने गाय को उपचार के लिए गौमाता उपचार केन्द्र में दाखिल कराया।







## सुगम यातायात के आवारा मवेशियों को पकड़ने अभियान

**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों को यातायात की सुगम व्यवस्था प्रदान करनें हेतु आवारा मवेशियों को पकडनें का अभियान अनवरत जारी है। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर की सफाई व्यवस्था एवं नागरिकों को यातायात की सुगम सुविधा प्रदान करनें के उद्धेश्य से निगम की हांका गेंग द्वारा निरंतर अभियान चलाया जाकर मुख्य मार्गो में आवारा रूप से विचरण करनें वाले मवेशियों को पकडनें की कार्यवाही की जा रही है। अभियान को गति प्रदान कर अधिक से अधिक मवेशियों को सुरक्षित रूप से गौशाला में रखनें हेतु जिला पंचायत कार्यालय के माध्यम से गौशालाओं की जानकारी ली जाकर नगर निगम क्षेत्र व आसपास की उपलब्ध गौशालाओं में मवेशियों को भेजा जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि विगत दिवस तक लगभग 245 मवेशियों को पकडा जाकर नगर की विभिन्न गौशालाओं में भेजा जा चुका है एवं आज मोहर्रम जलूस मार्ग एवं झंडा बाजार मार्ग से लगभग 35 आवारा मवेशियों को पकडकर अमीरगंज एवं इमलिया गौशाला भेजा गया। आवारा मवेशियों को पकडनें की कार्यवाही अनवरत जारी रहेगी नगर के समस्त पशुपालक अपनें अपनें मवेशियों को निर्धारित स्थल पर ही बांधकर रखें, सार्वजनिक स्थलों में आवारा रूप से विचरण कर गंदगी या आवागमन को प्रभावित करते पाये जानें पर उनहे पकडकर गौशाला भेजनें एवं पशुपालक पर जुर्मानें की कार्यवाही की जावेगी जिसकी समस्त जवाबदारी पशुपालक की होगी।

## राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस ने आयोजित की विचार गोष्ठी

### देश के विकास में राजीव जी के योगदान को याद किया कांग्रेस नेताओं ने

कटनी। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 77 वीं जयंती पर महाराणा प्रताप वार्ड में उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव हरिशंकर शुक्ला द्वारा सद्भावना विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्टी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव हरिशंकर शुक्ला ने कहा कि राजीव जी आधुनिक भारत के निर्माता रहे। युवाओं को 18 वर्ष की उम्र में मताधिकार देने का अधिकार दिलाया। उपभोक्ता संरक्षक प्रकोष्ठ के अंतर्गत जो भी कार्य हो रहे हैं यह राजीव जी की ही देन है। उपभोक्ताओं को त्वरित न्याय मिले इसके लिए राजीव जी ने कानून बनाया। सद्भावना विचार गोष्ठी को शिक्षा तथा शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रामनरेश त्रिपाठी, ट्रांसपोर्ट सोसिएशन अध्यक्ष बीएम तिवारी, गिरधारी लाल स्वर्णकार, राजा जगवानी आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अजय गर्ग, सचिन गग, हेमा शर्मा, सुमन रजक, रविंद्र प्रधान, डॉ प्रशांत नायक, सुमन, पीतांबर भेरवानी, आनंद तिवारी, सतीश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।



यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शनिवार, 21 अगस्त 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## कैदियों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता देखी कलेक्टर ने

### महिला कैदियों की बच्चियों के लाड़ली लक्ष्मी व सुकन्या समृद्धि योजना में पंजीयन की होगी जांच

#### बारिश के उपरांत जेल का रंगरोगन कराने के निर्देश



**कटनी।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने गुरुवार को जिला जेल कटनी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने जेल में आवश्यक व्यवस्थाओं व संचालित गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अपने विजिट के दौरान जारी निर्देशानुसार संधारित किये जाने वाली पंजी व रजिस्टर्स का परीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इसके साथ ही उन्होने निरीक्षण के दौरान जेल में निरूद्ध बंदियों से मुलाकात के लिये निर्धारित कक्ष, रसोई, वॉच टॉवर, चिकित्सा कक्ष, बंदियों के बैरक, जेल में सुरक्षा के लिये किये गये इंतजाम का भी निरीक्षण किया। अपने जेल विजिट के दौरान बारिश के उपरांत सम्पूर्ण जेल के रंग रोंगन के निर्देश कलेक्टर श्री मिश्रा ने दिये। उन्होने कहा कि जेल की आंतरिक दीवारों पर सकारात्मक स्लोगन लिखवायें। जेल में निरुद्ध महिला कैदियों की छोटी बच्चियों का लाडली लक्ष्मी योजना एवं सुकन्या समृद्धि योजना में पंजीयन हुआ है या नहीं, इसकी जांच कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग से करायें।

#### मुलाकात के लिए आने वाले परिजनों के लिए बनेंगे शेड

कैदियों से मुलाकात के लिये आने वाले उनके परिजनों के लिये शैड और सुलभ कॉम्पलेक्स की व्यवस्था करवाने की बात विजिट के दौरान जेल अधीक्षक लीना कोष्ठा ने कलेक्टर से कही। जिस पर उन्होने यथोचित् कार्यवाही करने की बात कही। जेल की बाउण्डरी वॉल की स्ट्रेन्थ टेस्टिंग लोक निर्माण विभाग से कराने के निर्देश भी कलेक्टर ने अपने विजिट के दौरान दिये। जिला जेल के चिकित्सा कक्ष में स्टोर की व्यवस्था के लिये आवश्यक फर्नीचर कार्य कराने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिये। विजिट के दौरान सभी बैरकों का निरीक्षण भी कलेक्टर श्री मिश्रा ने किया। उन्होने कहा कि यदि किसी बैरक में सीपेज है, तो सीपेज के ट्रीजमेन्ट और वॉटर हारवेस्टिंग के कार्य का प्रस्ताव बनाकर शीघ्र प्रस्तुत करें।

#### वॉच टॉवर का भी निरीक्षण किया कलेक्टर ने

जिला जेल में स्थापित वॉच टॉवर का निरीक्षण भी कलेक्टर ने अपने विजिट के दौरान किया। उन्होने जिला जेल में बैरकों की संख्या बढ़ाने के लिये नवीन प्रस्ताव विभाग को भेजने के निर्देश दिये। अपने दौरे में कलेक्टर श्री मिश्रा ने पूर्व में अधिकारियों द्वारा किये गये निरीक्षण के प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही का पालन प्रतिवेदन देखा और उसका बिन्दुवार रिव्यू किया। उन्होने बजट की उपलब्धता भी जानी। साथ ही एमएलसी रजिस्टर भी चैक किया। जेल में हाईमास्ट लाईट के इन्स्टॉलेशन को लेकर कलेक्टर की ओर से डीईओ लैटर विभाग को भेजने के निर्देश दिये। डॉक्टर के विजिट के रजिस्टर, वॉकीटॉकी, कम्प्यूटर उपकरण, दवाओं के स्टॉक, की जानकारी ली। पाकशाला में पहुंचकर कैदियों के बनाये गये भोजन की गुणवत्ता की जांच भी कलेक्टर ने की। इस अवसर पर जिला जेल अधीक्षक लीना कोष्ठा सहित संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।



## नैनों वाले ने छेड़ा मन का प्याला.. पर शानदार नृत्य

**सायना लेडीज क्लब ने मनाया हरियाली महोत्सव, नए सदस्यों का किया गया स्वागत**


**कटनी।** सायना इंटरनेशनल स्कूल कटनी में लेडीज क्लब विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर अपने सदस्यों को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़े रहने का नेक कार्य निरंतर करता आ रहा है। क्लब की अध्यक्षा श्रीमती भारती शर्मा हर तीज त्योहार को सभी सदस्यों के साथ मिलजुल कर मनाती हैं जिससे किसी को भी अपने परिवार से दूर रहने की कमी न महसूस हो। इस कड़ी में सावन के महीने में हरियाली तीज का आयोजन किया गया जिसमें सभी सदस्यों का स्वागत श्रीमती भारती शर्मा ने किया। क्लब के नए सदस्यों श्रीमती पूनम तिवारी, आराधना हेनरी, गीतांजली, अन्नपूर्णा तिवारी, अंजना याज्ञनिक, प्रियंका षर्मा और श्रीमती आभा सोनी का स्वागत करते हुए श्रीमती शर्मा ने क्लब के नियमों से अवगत कराया। तत्पष्चात आराधना मेम ने 'नैनों वाले ने छेड़ा मन का प्याला' गीत पर कत्थक प्रस्तुत किया। शशि शुक्ला एवं संस्कृति त्रिपाठी ने नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। सभी सदस्यों ने सावन में झूला झूलने की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए कजरी गीत गाते हुए झूला झूला। अपनी सखियों को झुलाने व उन्हें छेड़ते हुए गीत गाने की तो मानो होड़ सी लग गई। क्लब की अध्यक्षा श्रीमती शर्मा ने आगे कार्यक्रमों में सहभागिता करने के लिए प्रेरित करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अनु महेश्वरी ने किया। स्वरुचि भोज के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।

## कक्षा 10वीं और 12वीं की विशेष परीक्षा 6 सितंबर से

#### प्रवेश पत्र 1 सितंबर से एमपी ऑनलाइन पर रहेंगे उपलब्ध

**कटनी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी और हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक के साथ ही दृष्टिहीन-मूक बधिर दिव्यांग पाठ्यक्रम की विशेष परीक्षा 2021 का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र एक सितंबर 2021 से एम.पी ऑनलाईन के पोर्टल पर उपलब्ध होंगे। हाई स्कूल नियमित और स्वाध्यायी, दृष्टिहीन, मूक बधिर दिव्यांग परीक्षार्थियों की परीक्षा 6 सितंबर से 15 सितंबर तक और हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट, व्यवसायिक, दृष्टिहीन, मूक बधिर की परीक्षाएँ 6 सितंबर से 21 सितंबर तक सुबह 9 से 12 बजे के बीच आयोजित की जायेगी। इस प्रकार दोनों परीक्षाओं का संचालन एक साथ किया जायेगा। नियमित और स्वध्यायी छात्रों की प्रायोगिक परीक्षाएं उन्हें आवंटित परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित अवधि के दौरान ही आयोजित होंगी। प्रायोगिक परीक्षा की तिथि और समय के लिए परीक्षार्थी संबंधित केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष से संपर्क कर सकते है। परीक्षा कार्यक्रम मंडल से सम्बद्ध सभी विद्यालयों के बाहर नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जायेगा।

#### श्रीमती सोमवती देवी सोनी का निधन



**कटनी।** सराफा एसोसिएशन कटनी के पूर्व अध्यक्ष हरभजन लाल सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती सोमवती देवी सोनी का इलाज के दौरान विगत 18 अगस्त को दोपहर में निधन हो गया। वे 72 वर्ष की थीं और अपने पीछे भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गईं। उनके निधन की खबर से सराफा बाजार में शोक व्याप्त हो गया। निज निवास से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसमे बड़ी संख्या में सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए परमपिता परमेश्वर से कामना की।



## बांधा मंदिर में 22 अगस्त को होगी महाआरती

**कटनी।** श्री राधा कृष्ण मंदिर बांधा में 22 अगस्त रविवार को श्रावण पूर्णिमा रक्षाबंधन के पवित्र दिवस पर सायं 7 बजे भगवान मुरली मनोहर, भगवान भोलेनाथ, आदिशक्ति मां गायत्री की भव्य महाआरती होगी। श्री राधाकृष्ण सेवा समिति के पं. रामनरेश त्रिपाठी, नवनीत चतुर्वेदी, पं. महेश पाठक, पं. सीताराम मिश्रा, सत्येन्द्र त्रिपाठी, कृष्णकांत पाण्डे, उमेश पाठक, पप्पू पाठक, श्रीष गौतम, श्याम मिश्रा, राघवेन्द्र दुबे, ओमप्रकाश दुबे, बड़ू सिंह ठाकुर, बहादुर कुशवाहा आदि ने सभी धर्मप्रिय जनों से कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए मंदिर पधारने की प्रार्थना की है।

## भाजयुमो ने जागृति पार्क में रोपे पौधे

### आजादी के 75वें वर्ष अमृत महोत्सव व अंकुर कार्यक्रम के तहत आयोजन



**कटनी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा भारत की आज़ादी के 75 वें वर्ष में अमृत महोत्सव व अंकुर कार्यक्रम के तहत जागृति पार्क में वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम भाजपा उपाध्यक्ष एवं युवा मोर्चा के अध्यक्ष मृदुल द्विवेदी की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें विभिन्न प्रकार के 75 पौधो का रोपण किया गया। इस अवसर पर भारत आजादी के 75वें वर्ष में प्रवेश कर गया है भारत सरकार द्वारा इसे आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर देशभर में कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की जा रही है। मप्र में पर्यावरण को शुद्ध रखने के उद्देश्य से अंकुर कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके तहत पौधे लगाए जा रहे है राज्य के द्वारा चलाई गई ये अनूठी पहल वाकई तारीफे काबिल है। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा है, इससे यहां हरियाली क्षेत्र में वृद्धि होगी और पर्यावरण भी स्वच्छ होगा और लोगों को भी शुद्ध ऑक्सीजन मिलती रहेंगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन, पीताम्बर टोपनानी, चेतन हिंदुजा, वागीश आनंद, निरंजन पंजवानी, रविंद्र मिश्रा छुट्टू, सचिन तिवारी, दीपक तिवारी, मयंक गुप्ता, नवीन पंजवानी, विष्णु शंकर मिश्रा, मोनू यादव, दिलराज सिंह, सत्यम सेन, हर्ष यादव ,शिवम परोह अंशु बाथम, अंकुर पाठक रितिक त्रिपाठी, अर्पण परोहा, तूशाल मिश्रा, सौरभ द्विवेदी, संस्कार तिवारी, रिंकू यादव, विजय साहू, अभिषेक रजक, गजेंद्र लोधी, बिट्टू गुप्ता, इंद्र मिश्रा, समर साहू आदि की सहभागिता रही।

## कौशल विकास योजना में बेरोजगार युवकों को मिलेगा प्रशिक्षण

**कटनी।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत एनकेजे के यांत्रिकी इंजीयनियरिंग प्रशिक्षण केन्द्र में फिटर एवं वेल्डर ट्रेड का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम एवं द्वितीय बैच के लिए दिए जा रहे इस प्रशिक्षण में स्थानीय बेरोजगार युवक युवती प्रशिक्षण का लाभ ले सकते है। यह प्रशिक्षण 3 सप्ताह तक चलेगा, जिसमें प्रति बैच एवं प्रति ट्रेड में 30 युवक युवतियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा जो पूर्णतः निुःशुल्क रहेगा। 10 वीं पास आवेदक इसका लाभ ले सकते हैं। इसके लिए उन्हें निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ हाईस्कूल का प्रमाण पत्र पहचान एवं निवास प्रमाण, मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड या ड्राईविंग लायसेंस में से किसी एक की प्रतिलिपि जमा करनी होगी। योजना में शामिल होने वाले अभ्यर्थी रेल सेवा में रोजगार या अन्य किसी भी प्रकार के लाभ का दावा करने हेतु पात्र नहीं होंगे। आवेदन 6 सितम्बर तक जमा किए जा सकेंगे। चयनित आवेदकों का प्रथम बैच 20 सितम्बर से 11 अक्टूबर तक तथा द्वितीय बैच 18 अक्टूबर से 8 नवम्बर तक संचालित होगा।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

## सेप्टिक टेंक की असुरक्षित सफाई से बीमारियों की दी जानकारी

#### आचार्य विनोवा भावे वार्ड में सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज अभियान

**कटनी।** जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा नियुक्त एजेंसी एवं निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ नगर के विभिन्न वार्डो में रोजाना विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी सुनील सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम की नियुक्त एजेंसी के सदस्यों द्वारा आचार्य विनोवा भावे वार्ड स्थित दुर्गा चौक में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर नागरिकों से संपर्क किया जाकर सफाई मित्र सुरक्षा चैलेज के तहत सेप्टिक टेंक एवं सीवर की असुरक्षित सफाई से होनें वाली बीमारियों से अवगत कराते हुए हैल्पलाईन नंबर 14420 पर कॉल कर अधिकृत सफाई मित्रों से ही सेप्टिक टेंक की सफाई कराये जानें हेतु अपील की गई। निगम प्रशासन के माध्यम से सहयोगी संस्था द्वारा रोजाना नगर के विभिन्न वार्डो में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाकर नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण हेतु अमानक प्लास्टिक एवं पॉलिथीन का उपयोग न करनें, वृक्षारोपण एवं कपडे के थेले का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण को बढावा देनें, कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु मास्क का उपयोग करने, घरों के आसपास पर्याप्त सफाई बनाये रखनें तथा वेक्सीनेंशन करानें की अपील भी की जा रही है।






## शिविरों में मिल रहा छूट का लाभ

#### अम्बेडकर वार्ड में बकाया करों को जमा करने शिविर का आयोजन

**कटनी।** जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालन में निगम के बकाया करों को जमा करनें हेतु निगम एवं जोन कार्यालय के अलावा वार्डवार शिविर का आयोजन किया जाकर नागरिकों को शासन द्वारा प्रदाय की जा रही छूट से लाभान्वित करते हुए वित्तीय वर्ष 2021 -22 में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के प्रयास किये जा रहे है। प्रभारी अधिकारी राजस्व जागेश्वर पाठक एवं जलकर निरीक्षक अनिल त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में अंबेडकर वार्ड स्थित एन.के.जे रोड ज्योति मेडिकल के पास निगम के संपत्तिकर एवं जलकर को जमा करनें हेतु शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में उपस्थित होनें वाले नागरिकों को बकाया करों की जानकारी प्रदान कर शासन द्वारा प्रदान की जा रही छूट से लाभान्वित किया जाकर निगम के करों को जमा करनें की सुविधा प्रदान की गई। शाम 5:30 बजे तक निगम कार्यालय में संपत्तिकर के रूप में 2.92 रूपये तथा जलकर के रूप में 0.98 लाख कुल 3.90 लाख रूपये जमा किये गए। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकों की सुविधा हेतु 20 अगस्त दिन शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 38, 39, 42 एवं 45 में आयोजित होने वाले शिविरों में पहुंचकर शासन द्वारा प्रदाय की जा रही छूट का लाभ प्राप्त करनें की अपील की है।

एन.ए.बी.एच. द्वारा प्रमाणित
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन : 07622-405070-71-72 मो. 9424957890
कटनी में पहली बार मल्टी स्लाइस सी.टी.स्कैन मशीन द्वारा सी.टी.स्कैन जाँच सुविधा
डायलिसिस सुविधा
24 घंटे एम्बुलेंस
24 घंटे दवाईयां
24 घंटे डिजिटल एक्सरे
24 घंटे एम.एल.सी
अस्थि रोग | शल्य चिकित्सा | स्त्री रोग | हृदय रोग | सामान्य चिकित्सा | फिजियो थेरेपी | शिशु रोग | दंत रोग | मस्तिष्क रोग | नेत्र रोग
एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षो में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वी (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वी |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर



यश भारत
खबर का असर



# आधारकाप में शुरू हुआ सड़क का निर्माण

## सीवर लाइन और सड़क निर्माण ठेकेदार की मनमानी का खामियाजा भोग रहे थे नागरिक,यशभारत की खबर का असर, नगर निगम ने ली सुध

**कटनी।** आधारकाप में सड़क निर्माण नहीं होने की वजह से क्षेत्र के लोगों को बरसात के इस मौसम में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिसको लेकर यशभारत ने खबर प्रकाशित की थी। यशभारत की खबर के बाद हरकत में नगर निगम प्रशासन द्वारा सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों में हर्ष व्याप्त है। क्षेत्र के नागरिकों ने बताया कि ठेकेदार ने सड़क का निर्माण शुरू कर दिया है और एक दो दिनों में सड़क बनकर तैयार हो जाएगी। विदित हो कि अधारकाप में सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार की लापरवाही की वजह से यहां रहने वाले लोग परेशान थे। सड़क के लिए खुदाई किए जाने के बाद सड़क का निर्माण नहीं होने की वजह से कीचड़ की वजह से लोगों को आवागमन में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस पूरे मामले में सावरकर वार्ड के पार्षद की उदासीनता का खामियाजा


नारकीय पीड़ा भोग रहे आधारकाप के वाशिंदे

कीचड़ में तब्दील हो गई सड़क, आवागमन में हो रही परेशानी

सीवर लाइन और सड़क निर्माण ठेकेदार की मनमानी का खामियाजा भोग रहे नागरिक

भी क्षेत्र के लोगों को उठाना पड़ रहा था। सावरकर वार्ड के अंतर्गत आधारकाप भसीन के बगीचा के पास कॉलोनी के निर्माण के बाद क्षेत्रीय नागरिकों की मांग पर नगर निगम प्रशासन द्वारा यहां सड़क निर्माण की स्वीकृति दी थी। स्वीकृति मिलने के बाद संबंधित ठेकेदार द्वारा सड़क बनाने के लिए खुदाई की गई, लेकिन सड़क का निर्माण शुरू नहीं किया जा रहा था। बारिश का मौसम होने की वजह से पूरी सड़क दलदल में तब्दील हो गई थी। लोगों के घरों के सामने कीचड़ का साम्राज्य हो गया है। घरों से निकलना तक मुश्किल हो रहा था। कुछ समय पहले सीवर लाइन के लिए ठेकेदार ने सड़क खोद दी थी और सीवर लाइन बिछाने के बाद गड्ढों को नहीं भरा था, जिससे यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थी। यश भारत में इस खबर के प्रकाशन के बाद नगर निगम प्रशासन द्वारा सड़क का निर्माण शुरू किया गया है।

# नहीं होगी कमी, अब 100 मरीजों को एक साथ मिल पाएगी ऑक्सीजन

### जिला अस्पताल में 1000 एलपीएम क्षमता का ऑक्सीजन प्लांट का मुख्यमंत्री एवं सांसद ने किया वर्चुअल शुभारंभ



**कटनी।** जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को अब ऑक्सीजन की कमी से नहीं जूझना पड़ेगा। अस्पताल परिसर में ही एक हजार एलपीएम क्षमता का ऑक्सीजन प्लांट लगाया है, जिसने काम करना प्रारंभ कर दिया है। प्लांट में तैयार होने वाली ऑक्सीजन अस्पताल में भर्ती 100 मरीजों तक पाइप लाइन के जरिए पहुंचेगी। ऑक्सीजन प्लांट का शुभारंभ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, सांसद खजुराहो वीडी शर्मा, केबिनेट मंत्री गोपाल भार्गव, स्वास्थ मंत्री प्रभुराम चौधरीए, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने वर्चुअल रूप से किया और उसके बाद जिला अस्पताल में एक नई सुविधा जुड़ गई है। कोविड की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की कमी को लेकर खजुराहो सांसद वीडी शर्मा ने जिला अस्पताल सहित विजयराघवगढ़ अस्पताल में ऑक्सीजन की कमी को दूर करने प्लांट स्वीकृत कराए थे। पीएम केयर फंड से डीआरडीओ द्वारा एलपीएम पीएसए आधारित ऑक्सीजन संयंत्र की स्थापना की गई है। तैयार प्लांट से वार्ड तक पाइप लाइन डाली गई है, जिसके जरिए मरीजों को सीधे ऑक्सीजन उपलब्ध हो सकेगी। वर्चुअल रूप से शुभारंभ के साथ जिला अस्पताल परिसर में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में विधायक संदीप जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा मौजूद थे। अतिथियों ने फीता काटकर कर प्लांट का शुभारंभ किया। इस दौरान पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, सीएमएचओ डॉ प्रदीप मुढ़िया, सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा मौजूद थे।

**प्लांट से मरीजों के बेड तक ऑक्सीजन पहुंचाने किए गए हैं सुरक्षा के बेहतर इंतजाम**

### आईसीयू सहित जोड़े गए सामान्य बेड

ऑक्सीजन प्लांट से पाइप लाइन के माध्यम से आईसीयू के 10 बेड को जोड़ा गया है। इसके अलावा 90 सामान्य बेड भी पाइप लाइन से जुड़े हैं। सुरक्षा को लेकर भी आवश्यक गैजेट लगाए गए हैं ताकि जरूरतमंद मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। ऑक्सीजन प्लांट को संचालित करने के लिए 125 केवीए का ट्रांसफार्मर मप्र पूर्व क्षेत्र वितरण कंपनी की मदद से लगाया गया है। बिजली आपूर्ति प्रभावित होने पर भी प्लांट काम करना बंद न करेए इसके लिए जनरेटर की सुविधा रखी गई है।

### इन विभागों के सहयोग से पूरा हुआ काम

- ऑक्सीजन प्लांट में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण परियोजना इकाई जबलपुर के द्वारा 19ण्20 लाख रूपये की लागत से प्लेटफार्म व शेड का निर्माण कराया गया है।
- मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 12ण्46 लाख रूपये की लागत से 125 केवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित किया है।
- 250केवीए का डीजी सेट के स्थापना का कार्य लोक निर्माण विभाग ने 24.13 लाख रूपये की लागत से किया है।
- स्वास्थ्य विभाग ने मैनीफोल्ड कक्ष से प्लांट तक मेडीकल गैस पाइप लाइन का कार्य 2.97 लाख रूपये की लागत से कराया है।

**चाका बायपास मार्ग पर दर्दनाक हादसा**

# बाइक सवारों को ट्रक ने रौंदा, एक की मौत, 3 घायल





**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत चाका बायपास मार्ग पर शुक्रवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर लगने से दो अलग-अलग मोटर सायकल में सवार पांच युवकों में से एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 3 घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला चिकित्सालय में प्रारंभिक उपचार के बाद गहन उपचार के लिए जबलपुर रिफर किया गया है। दुर्घटना के संबंध में कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह से मिली जानकारी के अनुसार उत्तरप्रदेश के जिला ललितपुर थाना नाराहट के ग्राम झरावटा निवासी 30 वर्षीय जितेन्द्र सिंह पिता कल्याण सिंह पटेल छोटे भाई चंद्रेश सिंह पटेल व एक अन्य शिवकुमार पटेल के साथ मोटर सायकल से पवित्र सावन माह में भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने दमोह जिले के बांदकपुर आया था। बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह बांदकपुर से लौटते समय बाइक सवार तीनों युवक रास्ता भटक कर जबलपुर रोड में पहुंच गए और कुठला थाना क्षेत्र के ग्राम द्वारा के पास ट्रक क्रमांक एम.पी.20एचबी-2315 से टकरा गए। जिसके कारण जितेन्द्र सिंह पटेल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चंद्रेश सिंह पटेल व शिवकुमार पटेल घायल हो गए। कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि ट्रक ने उत्तरप्रदेश निवासी युवकों के साथ ही दूसरी बाइक पर जा रहे हीरापुर कौड़िया निवासी 32 वर्षीय शैलेन्द्र बड़गैंया व इंद्राज्योति कालोनी निवासी 27 वर्षीय सत्येन्द्र मिश्रा को भी अपनी चपेट में लेकर घायल कर दिया। बहरहाल पुलिस ने दुर्घटना में कालकवलित हुए उत्तरप्रदेश निवासी जितेन्द्र पटेल का पीएम कराते हुए आरोपी ट्रक चालक के विरूद्ध धारा 279, 337, 304ए व मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# बिना मजदूरी दिए भाग रहे ठेकेदार को मजदूरों ने चलती ट्रेन से उतारा

### फिर जीआरपी ने कराया मजदूरों का भुगतान

**कटनी।** मजदूरों से काम कराकर मजदूरी न देने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला शुक्रवार को कटनी जंक्शन में सामने आया, जब परेशान मजदूरों ने बगैर मजदूरी दिए भाग रहे ठेकेदार को चलती ट्रेन से उतार लिया। जीआरपी थाना प्रभारी आरके पटेल ने बताया कि कटनी जिले के मजदूर रीवा और सीधी जिला पुलिस लाइन में मजदूरी किए थे। यह सभी मजदूर टीकमचंद कुमार नागौद राजस्थान के कहने पर काम कर रहे थे। जिसमें विनोद कुमारए पप्पूराम गुज्जर भी साथ में था। कटनी के 7 मजदूरों का 61 हजार 300 रुपये मजदूरी नहीं दी जा रही थी। गुरुवार को मजदूरों को जानकारी लगी कि ठेकेदार बिना भुगतान के भाग रहा है। सूचना मिलते ही युवक कटनी स्टेशन पहुंचे और ठेकेदार को चलती ट्रेन से उतार लिया। स्टेशन में विवाद कर रहे थे। जीआरपी थाना लेकर पहुंची। तीन युवकों को रातभर बैठाए रखा। शुक्रवार दोपहर रुपयों की व्यवस्था ठेकेदार ने की और मजदूरों का भुगतान कराया। इसमें नरेंद्र कुमार लमतरा, अनिल यादव लमतरा, गुलवारा के राजा साहू, राजा रजक, राम रजक, सुधी आदि की भुगतान कराया गया। जीआरपी की पहल से रुपये पाकर मजदूर खुश नजर आए। कहा कि मजदूरी न मिलने से रक्षाबंधन का त्योहार फीका रहता।

**कैमोर में कुछ अलग अंदाज में मनाया गया मोहर्रम**

# कौमी एकता का पैगाम देकर रुख्सत हुए ताजिए





कैमोर। पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत मोहम्मद हुसैन और उनके जांनिसार साथियों की कर्बला में हुई शहादत की याद में मनाया जाने वाला मोहर्रम इस बार कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कुछ अलग अंदाज में मनाया गया। तजियों को आखिरी विदाई देने न केवल कैमोर बल्कि कटनी के भी अनेक राजनेता व जनप्रतिनिधि कैमोर के अमरैय्यापार स्थित ताज मेंशन पहुंचे। शाम 4 बजे से 6 बजे तक ताज मेंशन में लोगों का मजमा लगा रहा। देर शाम सभी ताजिए वाहनों के जरिए पडरेही स्थित एक खदान ले जाये गए जहां सभी तजियों को ठंडा किया गया। गौरतलब है कि कोरोना की बंदिशों के चलते इस बार भी ताजियों और सवारियों के जुलूस पर प्रशासन की ओर से रोक लगाई गई थी। हालांकि एक निश्चित ऊंचाई के ताजिए बनाने और सुरक्षित तरीके से उन्हें ठंडे करने की अनुमति थी। कोरोना की बंदिशों को देखते हुए मुस्लिम समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों, अंजुमन कमेटी और मस्जिदों के सदर सहित सभी पेश इमामों की सहमति से ताजियों को लेकर नया कार्यक्रम तय किया गया था। इस कार्यक्रम को प्रशासन की ओर से भी हरी झंडी मिल गई थी। तय प्रोग्राम के मुताबिक कल शुक्रवार मोहर्रम की दसवीं तारीख पर कैमोर में अलग अलग स्थानों पर बनाये गए ताजियों को इमामबाड़े तक लाया गया जहां कुछ देर मुकाम के बाद सभी ताजिए एक-एक कर अमरैय्यापार स्थित उद्योगपति नवाब खान के निवास ताज मेंशन पहुंचे। यहां सभी के लिए बेहतर इंतजाम किये गए थे। तय कार्यक्रम के मुताबिक दो घन्टे तजियों का मुकाम ताज मेंशन में रहा। इस दौरान वहां अंजुमन सदर हाजी गुलाम भाई सहित सभी मस्जिद कमेटियों के सदर, पेश ईमाम और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। भाजपा अल्प संख्यक मोर्चे के जिला महामंत्री नवाब खान के आमंत्रण पर भाजपा और कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ राजनेता, उद्योगपति, जनप्रतिनिधि भी ताज मेंशन पहुंचे थे इनमें भाजपा जिलाध्यक्ष, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के पुत्र यश पाठक, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री पद्मा शुक्ला, श्रमिक नेता श्याम तिवारी उद्योगपति पी डी अवस्थी, आशिक बेग, सी एल पांडेय, नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेश परौहा, पूर्व पार्षद सन्तोष केवट, संतोष चौहान, एड. राजा उरमलिया, संजय ग्रोवर आदि शामिल रहे। उपस्थित सभी लोगों ने कर्बला की जंग में शहीद हुए हजरत मोहम्मद हुसैन और उनके साथियों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सदर हाजी गुलाम भाई और नवाब खान द्वारा सभी का इस्तकबाल किया गया। यहां से शाम 6 बजे सभी ताजिए कर्बला के लिए रवाना किये गए। इस बार पडरेही स्थित एक खदान को कर्बला का प्रतीक बनाकर पूरे सुरक्षा इंतजामो के साथ वहां सभी ताजिए और सवारियां ठंडी की गई।



# उमरियापान में निकला ताजियों का जुलूस

**उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा ताजियों का जुलूस अमन चैन से निकाला गया। शहादत के पर्व मोहर्रम की दसमीं को शाम 4 बजे से मुस्लिम धर्मावलंबी इमामबाड़ा में एकत्रित हुए और सवारियां उठाने का प्रयास किया। शाम 5 बजे सवारियां और ताजिया का जुलूस नगर के मुख्य मार्केट झंडा चौक पहुंचते ही आस पास खड़े अन्य धर्मों के लोग भी बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए। झंडा चौक में मजमा के स्वरूप में जुलूस आधे घंटे से अधिक खड़ा रहा और मुस्लिम धर्मावलंबी या हुसैन या हुसैन के नारे लगाते हुए सवारियां उठाते रहे। दूसरी ओर मुस्लिम, हिंदू समुदाय की माताएं, युवितियां, बच्चे, बुजुर्ग ताजिया के पास पहुंचकर अमन चैन की दुआ मांगते रहे। शहादत के पर्व मोहर्रमए ताजिया के जुलूस में हर वर्ष हिंदू समुदाय के लोग सहयोग के रूप में शामिल होकर कौमी एकता की मिसाल कायम करते हैं। इसके बाद जुलूस बस्ती अंदर संयासी महाराज, अथैया मंदिर, सोनी मोहल्ला, बर्मन मोहल्ला से होते हुए कर्बला पहुंचा जहां सवारियों और ताजिया को ठंडा किया गया। घुघरी, परसेल गांव में भी मुस्लिम धर्मावलंबी द्वारा अमन चैन से जुलूस निकालकर कर्बला में सवारियों और ताजिया को ठंडा किया गया। इस दौरान मुस्लिम धर्मावलंबी द्वारा नगर में आम जनता को दोपहर से शाम तक लंगर तकसीम किया गया। वहीं कहा जाता है की शहादत के पर्व मोहर्रम के जुलूस में या हुसैन या हुसैन का नारा लगाते हुए मुस्लिम धर्मावलंबी इस बात पर जोर देते हैं कि हुसैन ने इस्लाम की रक्षा के लिए अपनी जान दी थी। इसीलिए हुसैन की याद में मातम मना रहे हैं। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी तहसीलदार हरि सिंह धुर्वेए थाना प्रभारी गणेश प्रसाद विश्वकर्मा सहित पुलिस स्टाफमुस्तैद रहा है।



# विभागों में अपर कलेक्टर ने दिलाई शपथ

**कटनी।** राज्य शासन के निर्देशानुसार 19 अगस्त को सद्भावना दिवस के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो ने प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में विभागों के अधिकारियों एवं कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलाई। इस मौके पर संबंधित विभागों के विभाग प्रमुख अधिकारी भी उपस्थित रहे। इसके साथ ही जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों में भी लोक सेवकों को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने सामूहिक रुप से शपथ ली कि मैं प्रतिज्ञा करता/करती हूं कि मैं जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किये बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिये कार्य करुंगा/करुंगी। मैं पुनः प्रतिज्ञा करता/करती हूं कि मैं हिंसा का सहारा लिये बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाउंगा/ सुलझाउंगी।





# तिलक महाविद्यालय में ली गई शपथ

**कटनी।** म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के 18 अगस्त के आदेशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात, प्राध्यापक राजनीतिशास्त्र विभाग के निर्देशानुसार 19 अगस्त को शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरूष इकाई के संयुक्त तत्वावधान में सद्भावना दिवस के पावन अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह आयोजन प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने सभी को शपथ दिलाई इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक, अशैक्षणिक सवंर्ग के लोगों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। अंत में डॉ. माधुरी गर्ग, कार्यक्रम अधकारी (एन.एस.एस. महिला इकाई) ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

# एसपी से शिकायत के बाद दर्ज हुआ बलात्कार का मामला

### रीठी थाना क्षेत्र का मामला

**कटनी।** रीठी थाना क्षेत्र में पुलिस पर बलात्कार पीड़िता की बात न सुनने का मामला सामने आया है। इस मामले में जब पीड़िता व ग्रामीण एसपी से न्याय की गुहार लगाई तो 6 दिन बाद बलात्कार का मामला दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार रीठी थाना क्षेत्र के एक गांव में 5 अगस्त को सुरेशचंद लुनिया नामक युवक पर बलात्कार का आरोप एक महिला ने लगाए हैं। महिला पति व परिजनों के साथ 6 अगस्त को रीठी थाना पहुंची। पुलिस को वारदात के बारे में जानकारी दी, इस पर मारपीट का मामला सुरेंद्र के खिलाफदर्ज किया गया। 10 अगस्त को पीड़िता एसपी के पास पहुंची। साथ में दर्जनों ग्रामीण गए। न्याय की गुहार लगाई। एसपी ने जांच के निर्देश दिए। 11 अगस्त को बलात्कार का मुकदमा दर्ज किया गया। अब इस मामले में पीड़िता व परिजनों का कहना है कि आरोपी खुलेआम घूम रहा है, अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दोनों पक्षा में पुराना विवाद चल रहा है। एक 325 का प्रकरण जेठ के साथ व 323 का प्रकरण ससुर के साथ चल रहा है।

### इनका कहना है

पीड़िता के द्वारा पूर्व में बलात्कार की जानकारी नहीं दी थी। मारपीट की शिकायत की थी, जिसपर मुकदमा दर्ज है। बाद में दूसरी शिकायत की गई। पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। -सतीश तिवारी, रीठी थाना प्रभारी।

# अकीदत के साथ मना मोहर्रम

## देर रात गाटरघाट कर्बला में ठंडे हुए ताजिया, हुसैन की शहादत को याद किया मुस्लिम धर्मावलंबियों ने

**कटनी।** सच्चाई, एकता और भाईचारे की नेक राह पर चलने वाले इमाम हुसैन की शहादत का प्रतीक मोहर्रम कल शुक्रवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों ने पूरी अकीदत के साथ मनाया। इस दौरान शहर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में या अली-या हुसैन के नारे गुंजायमान रहे। इमामबाड़ों पर रखे ताजियों और सवारियों को गाइडलाइन का पालन करते हुए कटनी नदी के गाटरघाट स्थित कर्बला में उत्साह के साथ ठंडा किया गया। मोहर्रम को लेकर पुलिस, प्रशासन, नगर निगम और विद्युत मंडल द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थी।



मिशन चौक, आजाद चौक के साथ ही गाटरघाट में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन के पूरे समय तैनात रहे। मोहर्रम का उत्साह शाम 6 बजे से शहर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में दिखने लगा था। रंग-बिरंगी रोशनी के बीच मिशन चौक और आसपास का क्षेत्र जगमग रोशनी से नहा रहा था। नगीना मजिस्द में भी आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई थी। इस दौरान जगह-जगह लंगर का भी इंतजाम किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने पहुंचकर लंगर ग्रहण किया। कोरोना संक्रमण के चलते पिछले साल की तरह इस बार भी राज्य सरकार द्वारा जुलूस निकालने पर रोक लगाई गई थी। पिछले दिनों शांति समिति की बैठक में भी मोहर्रम को शांतिपूर्वक ढंग से आपसी सौहार्द्र के बीच मनाने का निर्णय लिया गया था। कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा मोहर्रम की नवमी तारीख शहादत की रात को शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में स्थित इमामबाड़ों में ताजियों और सवारियों को रखा था। इसके बाद मोहर्रम की दसवी तारीख पर कल शुक्रवार की शाम इमामबाड़ों में ताजियों और सवारियों को उठाकर विभिन्न मार्गों से होते हुए गाटरघाट कर्बला में ठंडा किया गया।



### सुभाष चौक में लंगर

आल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी द्वारा सुभाष चौक में शरबत लंगर का आयोजन किया गया। इस अबसर पर जिलाध्यक्ष अज्जू भाईजान, मोहम्मद जावेद, बदरूद्दीन, मोहम्मद शकील, मोहम्मद फिरोज मोहमद, जहीर मोहम्मद, आरिफ इस्लाम भाई, अयान मोहम्मद हसन सहित कमेटी के अन्य लोग उपस्थित रहे।

### चाक चौबंद रहे इंतजाम



मोहर्रम को लेकर पुलिस, प्रशासन और नगर निगम प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थी। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के साथ ही पुलिस के जवानों की तैनाती चौराहों से लेकर गाटरघाट कर्बला में की गई थी। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा मोहर्रम की तैयारियों का जाजया लिया जा रहा था। इसके अलावा एसडीएम बलवीर रमन, सीएसपी शशिकांत शुक्ला, कटनी तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, नगर तहसीलदार मुनव्वर खान, कोतवाली टीआई अजय सिंह, कुठला टीआई विपिन सिंह, माधवनगर टीआई विजय विश्वकर्मा एवं रंगनाथनगर थाना प्रभारी नितिन कमल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी पूरे समय मोहर्रम को निर्विघ्न एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने तैनात रहे।

# भाई की कलाई पर कल सजेगा बहन का प्यार

## पर्व के एक दिन पहले राखी बाजार में दिन भर होती रही खरीददारी

**कटनी।** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व कल 21 अगस्त रविवार को अपार उत्साह और उमंग के बीच मनाया जाएगा। बहनें अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर जीवन भर रक्षा का बधन लेंगी और भाईयों द्वारा बहनों को उपहार दिए जाएंगे। सदियों से चली आ रही परंपरा का इस बार भी निर्वहन किया जाएगा। रक्षाबंधन के एक दिन पहले आज शनिवार को दिन भर तैयारियों का सिलसिला चलता रहा। शहर के बाजारों में सुबह से ही भीड़ के नजारे देखने को मिले। आज मौसम खुला होने और कई दिनों बाद धूप निकलने के बाद दिन भर खरीददारी का दौर चलता रहा। पिछले साल कोरोना संक्रमण की वजह से आर्थिक मंदी की मार झेल रहे व्यापारियों और दुकानदारों को इस बार राखी पर अच्छी ग्राहकी की उम्मीद है। इस बार रक्षाबंधन पर्व लोगों के लिए बड़ा खास है, क्योंकि 474 साल बाद गजकेसरी योग बन रहा है। रक्षाबंधन पर इस बार भद्रा नहीं है। भद्राकाल राखी के अगले दिन यानी 23 अगस्त को सुबह 5:34 मिनट से 6:12 मिनट तक रहेगी। ऐसे में इस बार राखी बांधने के लिए 22 अगस्त की सुबह 5:50 मिनट से शाम 6:03 मिनट का समय मिलेगा। रक्षाबंधन का बहनों को पूरे साल इंतजार रहता है। इस दिन बहनें भाईयों को राखियां बांधकर जीवन भर रक्षा का वचन लेती है। भाईयों द्वारा बहनों को तोहफे दिए जाने की परंपरा है। सदियों से चली आ रही इस परंपरा का हर साल की तरह इस बार भी निर्वाह किया जाएगा।



### पूरा दिन राखी बांध सकेंगी बहनें

इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा नहीं रहेगी। भद्राकाल राखी के अगले दिन यानी 23 अगस्त को सुबह 5 बजकर 34 मिनट से 6 बजकर 12 मिनट तक रहेगी। ऐसे में इस बार राखी बांधने के लिए आपको 22 अगस्त की सुबह 5 बजकर 50 मिनट से शाम 6 बजकर 03 मिनट का समय मिलेगा। ज्योतिषाचार्य पंडित सुनील शास्त्री ने बताया कि जब किसी की कुंडली में चंद्रमा और गुरु एक दूसरे की तरफ दृष्टि कर बैठे हो तो तब गजकेसरी योग बनता है। ऐसे जातक भाग्यशाली होते हैं। इस बार रक्षाबंधन का त्योहार 22 अगस्त रविवार को मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार रक्षाबंधन का त्योहार भद्रा से मुक्त रहेगा। उनके मुताबिक रक्षाबंधन का त्योहार राजयोग में आ रहा है। बहनें पूरा दिन भाइयों के हाथ में राखी बांध सकती हैं। उन्होंने बताया कि इस बार गुरु और चंद्रमा की युति से गजकेसरी योग बन रहा है। इस योग में घर में सुखों की प्राप्ति होती है। ज्योतिषाचार्य पंडित सुनील शास्त्री के मुताबिक सुबह 6:15 से लेकर 10:34 तक शोभन योग भी रहेगा, जो इस रक्षाबंधन को और भी अच्छा बनाएगा।

### रक्षाबंधन का मंत्र

भाई को उत्तर या पूर्व दिशा की तरफ मुख करके बिठाएं। माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारें। येन बद्धो बलिराजाए दानवेन्द्रो महाबलः तेनत्वाम प्रति बद्धनामि रक्षेए माचल.माचलः। यह मंत्र पढ़कर बहनें, भाई को रक्षा सूत्र बांध सुख समृद्धि की कामना करें।



# कुएं में मिली पांच दिन से लापता युवक की लाश

### कोतवाली थाना क्षेत्र के शास्त्री कॉलोनी का मामला

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के शास्त्री कॉलोनी से पांच दिन पूर्व लापता हुए एक 21 वर्षीय युवक की लाश शुक्रवार की दोपहर क्षेत्र स्थित एक कुएं से बरामद होते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और लोगों की भारी भीड़ कुएं के पास जुट गई। उधर सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक शास्त्री कालोनी क्षेत्र निवासी निवासी 21 वर्षीय दीपक निषाद पिता राजकुमार निषाद पिछले लगभग 5 दिनों से लापता था। उसकी लाश शुक्रवार की दोपहर बुद्धू साहू के बाड़े में स्थित कुएं में मिली। बताया जाता है कि कुएं में दुर्गंध आने के बाद लोगों ने कुएं में झांककर देखा तो दीपक की लाश उतरती मिली। सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलकर अग्रिम कार्यवाही करते हुए शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। दीपक नशे की हालत में कुएं में गिरा या फिर वो किसी घटना का शिकार हुआ, अभी इस बात का खुलासा नहीं हो सका है। कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि युवक नशे का आदि था और घटना कैसे हुई और मौत कैसे हुई यह विवेचना व पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

# तिली की फसल के बीच रोते बिलखते मिली 10 घंटे से लापता अबोध बालिका

## बरही थाना क्षेत्र का मामला, एसपी के निर्देश पर पुलिस ने दिखाई तत्परता



**कटनी।** पुलिस की तत्परता और सक्रियता से समाज में बड़े बदलाव सामने आ रहे हैं। शुक्रवार को बरही पुलिस का बड़ा मानवीय चेहरा सामने आया। बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची ने हमराह स्टाफ के साथ गंभीरता दिखाते हुए 18 माह की एक अबोध बच्ची जो अचानक लापता हो गई थी, उसे सारी रात सक्रियता के साथ तलाश करते हुए उसे खोज निकाला। मामले में पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी की भी भूमिका महत्वपूर्ण रही, जिन्होंने घटना की खबर लगते ही पूरी रात पल-पल का अपडेट बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची से लेते रहे। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 19 अगस्त को अचानक रात 8 बजे के लगभग 100 डायल पर सूचना आई कि एक ग्राम से एक आदिवासी समाज की 18 माह की अबोध बालिका गायब हो गई है। सूचना अति गंभीर होने से तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया और थाना बरही का सम्पूर्ण पुलिस स्टॉफ रात्रि 9 बजे से सारी रात अवोध बच्ची की तलाश में जुटी रही। देर रात्रि बच्ची के अपहृत होने की सूचना पर धारा 363 ताहि का प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी संदीप अयाची के नेतृत्व में टीम गठित की गई। प्रधान आरक्षक अजय पाठक, महेश प्रताप सिंह, आरक्षक रोहित सिंह, अवधेश सिंह के साथ मिलकर रात्रि में नदावन हार में आस पास तलाश करते रहे। 20 अगस्त सुबह लगभग साढ़े 7 बजे बच्ची के पिता संजू ने बताया कि तिली के खेत मे रोने की आवाज आ रही है। सम्पूर्ण बल के साथ थाना प्रभारी संदीप अयाची ने बच्ची के परिजनों सहित अबोध बच्ची को बरामद किया। बच्ची के सकुशल बरामद करने पर परिजनों व ग्रामीणों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। थाना प्रभारी संदीप अयाची ने बच्ची को कपड़े और जूतियां पहनाई, फिर सकुशल थाने से बच्ची एवं उसके परिजनों को खाना खिलवा कर रवाना किया।


## समस्त जिलेवासियों को रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं




संजय सत्येंद्र पाठक

विधायक विजयराघवगढ़



## नीरज सिनेप्लेक्स में




रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में

रोजाना 3 शो ता. 19 से दोपहर 12, 3 एवं सायं 6 बजे से

**बेल बॉटम**

कलाकार-अक्षय कुमार, लारा दत्ता, वाणी कपूर, हुमा कुरैशी आदि।

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।


### नवागत एएसपी ने संभाला पदभार

**कटनी।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा का स्थानांतरण भोपाल हो गया है। यहां पर अब एएसपी मनोज केडिया बनाए गए हैं।




शुक्रवार को नवागत एएसपी मनोज केडिया ने पदभार ग्रहण किया। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी से भेंट की। अन्य पुलिस अधिकारियों ने भी भेंट की। इस दौरान कई मामलों पर चर्चा की गई। इस दौरान सीएसपी शशिकांत शुक्ला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।







## सिटी मॉल बरही रोड में




रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में

रोजाना 3 शो ता. 19 से दोपहर 1,4 एवं 7 बजे से

कलाकार- अक्षय कुमार, लारा दत्ता, वाणी कपूर, हुमा कुरैशी आदि।


**BELL BOTTOM**

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।



## सिटी मॉल बरही रोड में




रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में

रोजाना 3 शो ता. 19 से दोपहर 12.30,3.30 एवं 6.30 बजे से

कलाकार- अक्षय कुमार, लारा दत्ता, वाणी कपूर, हुमा कुरैशी आदि।

**BELL BOTTOM**

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।



पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

## डॉ. स्मिता बजाज

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009



## PRE. REGISTRATION सांईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



## PRE. REGISTRATION सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)